Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problems related to railway vehicular underpass.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में जहाँ पर रेलवे क्रॉसिंग के पास गेट था, उसे बंद करके वहाँ अंडरपास बनाया गया ताकि लोगों को और गाड़ियों को बिना रुकावट आने-जाने में सुविधा हो । लेकिन बारिश के मौसम में मेरे क्षेत्र के चाँदवाड़, नानगाँव, मनमाड़, येवला, निफड़ तालुके में बनाए गए अंडरपासेज में भारी मात्रा में पानी जमा होने के कारण ये बंद हो गये । इसके कारण आम जनता, विद्यार्थियों और पेशेंट्स को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा ।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध करती हूँ कि ऐसे अंडरपासेज से पानी को बाहर निकालने के लिए प्रॉपर ड्रेनेज सिस्टम बनाई जाए । मेरी विनती है कि आम लोगों की सुविधा के लिए एमरजेंसी सिचुएशन में रेलवे क्रॉसिंग गेट को खोलने का प्रावधान किया जाए ।